**<u>प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 11 सितम्बर 2024</u>**

**(1)** माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार का आज गिरिडीह जिले के मधुबन मोड़, चिरकी में मारवाड़ी संघ द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। राज्यपाल महोदय ने सभी का आभार प्रकट किया तथा कहा कि वे राज्य के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड स्थित औहदार टोला-1 के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका और सहिया से संवाद कर बच्चों को प्रदान किए जाने वाले पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के संबंध में जानकारी ली। राज्यपाल महोदय ने बच्चों से भी बातचीत की और इस अवसर पर उनके द्वारा एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न किया।

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का दौरा किया और वहां की छात्राओं से संवाद किया। बातचीत के दौरान एक छात्रा ने राज्यपाल महोदय से उनके जीवन के अनुभवों के बारे में जानने की इच्छा व्यक्त की। इस पर उन्होंने कहा कि आप सभी को शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। आज की लड़कियाँ कमजोर नहीं हैं, वे शिक्षा में लगातार आगे बढ़ रही हैं। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों की

बच्चियों के लिए कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की स्थापना की है ताकि वे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर जीवन में प्रगति कर सकें।

इसके उपरांत एक अन्य छात्रा ने उनसे पूछा कि वे इस पद तक कैसे पहुंचे। राज्यपाल महोदय ने अपनी राजनीतिक यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि वे इमरजेंसी के दौरान जेल भी गए थे, लेकिन हर व्यक्ति की यात्रा और परिस्थितियाँ अलग-अलग होती हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा, "मेहनत कर आगे बढ़ें और अपनी पहचान बनाएं ताकि

आपका परिवार आप पर गर्व कर सके।"

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने 12वीं कक्षा की छात्रा रानी हेंब्रम को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर और 10वीं कक्षा की छात्रा अनीता कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत भी किया।

**(4)** माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड स्थित पोरदाग के आयुष्मान आरोग्य मंदिर का दौरा किया और वहां की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतीक्षा कक्ष, ओपीडी, महिला वार्ड, प्रसव कक्ष और टीकाकरण कक्ष में दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने CHO, ANM और अन्य उपस्थित कर्मचारियों से संवाद भी किया।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी देश के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट हैं और उनके इलाज हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। इसी उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई, जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को 5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को यह भी कहा कि उनका दायित्व है कि वे यहां आने वाले मरीजों का पूरे समर्पण से इलाज करें।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने एक नवजात शिशु की मां को मैटरनिटी किट प्रदान की, जिससे वहां उपस्थित सभी को प्रोत्साहन मिला।

---

(5) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, गिरिडीह शाखा परिसर में आधुनिक रक्त अधिकोष भवन का शिलान्यास करते हुए कहा कि यह भवन समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसके महत्व की आवश्यकता भविष्य में और भी बढ़ने वाली है। उन्होंने इस परियोजना को समयसीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि जिस तरह से यह संस्था वर्षों से समर्पण भाव से लोगों की सेवा करती आई है, मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी यह

संस्था इसी निष्ठा से जनसेवा का कार्य करती रहेगी।

---

(6) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज गिरिडीह जिला अंतर्गत जामताड़ा पंचायत के बरही टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र जाकर वहां के आंगनबाड़ी सहायिका, आंगनबाड़ी सहिया एवं बच्चों से वार्ता की एवं किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। राज्यपाल महोदय ने वहां उपस्थित आंगनबाड़ी सहायिका एवं आंगनबाड़ी सहिया को कहा कि बच्चे देश के भविष्य है और इनका अच्छी तरह से लालन-पालन करना आपका कर्तव्य है। अच्छी तरह लालन-पालन होने से एवं प्रारम्भिक

शिक्षा मिलने से इनका भावी जीवन का आधार मजबूत होगा और कल होकर ये बच्चे शिक्षित एवं सुसंस्कृत नागरिक बनकर देश की सेवा करेंगे।